
# 7 Direction Sense Test
# दिशा ज्ञान परीक्षण


Direction is an imagination that can be predicted with the help of the sun in the day and the pole star at night. We know that the direction in which the sun rises is east and the direction in which the sun sets is called west. We can easily understand the direction knowledge test. If we stand facing the sun at sunrise, then that direction is east, backwards west, left side north and right side is called south.

Today, in the competition of increasing competitive exams, direction test questions are compulsorily asked in almost all competitive exams. The main purpose of this type of examination is to check the knowledge related to the direction of the candidate / candidate.

Generally, there are four types of directions, but in addition to these directions in direction related questions, it is necessary to have knowledge of four other directions as well.

**DIRECTIONS ACCORDING TO THE FIGURE**




According to the diagram, the direction between north and east is' north-east ', the direction between south and east is' south-east', the direction between south and west is' south-west' and between north and west is called 'North-West'.

Two types of questions related to Disha knowledge test are often asked in competitive exams:


**(i)** Questions based on directions
**(ii)** Distance based questions
**(iii)** Shape based questions


दिशा एक ऐसी कल्पना है जिसे दिन में सूर्य और रात में ध्रुवतारा दोनों के आधार पर ज्ञात किया जा सकता है। हम जानते हैं कि सूर्य जिस ओर उगता है वह दिशा पूर्व तथा इसके विपरीत सूर्य जिस ओर अस्त होता है वह दिशा पश्चिम कहलाती है। हम दिशा ज्ञान परीक्षण को सरलता से समझ सकते हैं। यदि हम सूर्योदय के समय सूर्य के ओर मुख करके खड़े हों, तो वह दिशा पूर्व, पीछे की दिशा पश्चिम, बाईं ओर की दिशा उत्तर एवं दाईं ओर की दिशा दक्षिण कहलाती है।

आज बढ़ती हुई प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा में दिशा परीक्षण के प्रश्न लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अनिवार्य रूप से पूछे जाते हैं। इस प्रकार की परीक्षा का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थी/परीक्षार्थी की दिशा सम्बन्धी ज्ञान की जाँच करना है।

सामान्यत: दिशाएँ चार प्रकार की होती है, लेकिन दिशा सम्बन्धी प्रश्नों में इन दिशाओं के अतिरिक्त चार अन्य दिशाओं का भी ज्ञान होना आवश्यक है।

**दिशाओं का चित्रीय निरूपण**




आरेख के अनुसार, उत्तर और पूर्व के बीच की दिशा को 'उत्तर-पूर्व' दक्षिण और पूर्व के बीच की दिशा को 'दक्षिण-पूर्व'; दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा को 'दक्षिण-पश्चिम' तथा उत्तर और पश्चिम के बीच की दिशा को 'उत्तर-पश्चिम' कहते हैं।

दिशा ज्ञान परीक्षण से सम्बन्धित दो प्रकार के प्रश्न प्राय: प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते हैं :

(i) दिशाओं पर आधारित प्रश्न
(iii) दूरी पर आधारित प्रश्न
(iii) छाया पर आधारित प्रश्न

## EXERCISE

1. Mohan travelled westward 5 kms., turned left and travelled 3 kms., turned right and travelled 9 kms. Then he travelled north 3 kms. How far he is from the starting point ?
मोहन पश्चिम की ओर 5 किमी. यात्रा करता है, और बाएँ मुड़कर 3 किमी. की यात्रा करता है और फिर दाएँ मुड़कर 9 किमी. की यात्रा करता है। तब वह उत्तर की ओर 3 किमी. की यात्रा करता है। अब वह आरंभिक बिंदु से कितनी दूरी पर स्थित है?
(a) 5 kms./किमी. (b) 3 kms./किमी.
(c) 6 kms./किमी. (d) 14 kms./किमी.

2. A man started walking towards West. He turned right, then right again and finally turned left. Towards which direction was he walking now ?
एक व्यक्ति पश्चिम की ओर चलना आरंभ करता है, वह दाएँ मुड़ता है और वह पुन: दाएँ मुड़ता है और अंत में बाएँ मुड़ता है। अब वह किस दिशा में जा रहा होगा?
(a) North/उत्तर (b) South/दक्षिण
(c) West/पश्चिम (d) East/पूरब

3. Abhinav travels 10km north then turns left, then he travels 6km and turns right and cover another 7km. He finally turns to right and travels another 6km. How far (in km) is he from the point of starting his journey?
अभिनव उत्तर दिशा की ओर 10 कि.मी. चलता है फिर बायें ओर मुड़ जाता है। फिर वह 6 कि.मी. चलता है तथा दायें मुड़कर 7 कि.मी.चलता है। अतंत: वह दायें ओर मुड़ता है तथा और 6 कि.मी. चलता है। वह अपनी यात्रा के आरंभिक स्थान से कितनी दूरी (कि.मी. में) पर है?
(a) 14 (b) 16
(c) 15 (d) 17

4. Priya cycles 5 km North, then turns East and cycles 4 km, then turns South and cycles 5 km, then turns to her right and cycles 6 km. Where is she now with reference to her starting position?
प्रिया 5 कि.मी. उत्तर की ओर साईकिल चलाती है, फिर पूर्व की ओर मुड़ जाती है और 4 कि.मी. तक साईकिल चलाती है, फिर दक्षिण की ओर मुड़ जाती है और 5 कि.मी. तक साईकिल चलाती है, फिर अपनी दाई ओर मुड़ जाती है और 6 कि.मी. तक साईकिल चलाती है। वह अपनी प्रारंभिक स्थिति में अब कहाँ है?
(a) 2 km East / 2 किमी. पूर्व
(b) 2 km West / 2 किमी. पश्चिम
(c) 10 km West / 10 किमी. पश्चिम
(d) 10 km East / 10 किमी. पूर्व

5. 'A' starts walking towards North, turns left, again turns left, turns right, again turns right. In which direction is 'A' walking now?
'A' उत्तर की ओर चलता है और बाएँ मुड़ता है, वह पुन: बाएँ मुड़ता है अब वह दाएँ मुड़ता है और पुन: दाएँ मुड़ता है। तब यह बताइए कि अब 'A' किस दिशा में चल रहा है?
(a) North/उत्तर (b) South/दक्षिण
(c) West/पश्चिम (d) South-East/दक्षिण-पूर्व

6. A man started to walk towards East. After moving a distance he turned to his right. After moving a distance he turned to his right again After moving a little he turned in the end to his left. In which direction was he going now?
एक व्यक्ति पूर्व की ओर चलना आरंभ करता है। कुछ दूरी चलने के बाद वह अपने दाएँ मुड़ता है। उसके बाद में कुछ दूरी तय करके पुन: अपने दाएँ मुड़ता है, और कुछ दूरी चलने के बाद अंत में वह अपने बाएँ मुड़ता है। अब वह किस दिशा में जा रहा है?
(a) North/उत्तर (b) South/दक्षिण
(c) East/पूर्व (d) West/पश्चिम

7. I went 15 m to the north, then I turned west and covered 10 m, then I turned south and covered 5 m and then turned east and covered 10 m. In which direction I am from the starting point ?
मैं उत्तर की ओर 15 मी. गया, फिर पश्चिम की ओर मुड़ा और 10 मी. दूरी तय की, फिर दक्षिण की ओर मुड़ा और 5 मी. दूरी तय की और पुन: पूर्व की ओर मुड़ा और 10 मी. की दूरी तय की। अब मैं आरंभिक बिन्दु से किस दिशा में हूँ?
(a) East/पूर्व (b) West/पश्चिम
(c) North/उत्तर (d) South/दक्षिण

8. A man goes 5 km East, then he turns right and goes 4 km, then he turns left and goes 5 km. Which direction is he facing now ?
एक आदमी पूर्व की ओर 5 किमी. जाता है, फिर वह दाएँ मुड़कर 4 किमी. जाता है, तब वह बाएँ मुड़ता है और 5 किमी. जाता है। अब उसका मुंह किस दिशा में है?
(a) North/उत्तर (b) South/दक्षिण
(c) East/पूर्व (d) West/पश्चिम

9. A man walks 4 km to the east turns left walks 4 km and turns left and walks 4 km. Which direction is he facing ?
एक व्यक्ति पूर्व की ओर 4 किमी. जाता है, बाएँ मुड़कर 4 किमी. जाता है और फिर बाएँ मुड़कर 4 किमी. जाता है। अब उसका मुंह किस दिशा में है?
(a) South/दक्षिण (b) East/पूर्व
(c) West/पश्चिम (d) North/उत्तर

10. If Ram's house is located to the south of Krishna's house and Govinda's house is to the east of Krishna's house, in what direction is Ram's house situated with respect to Govinda's house ?
यदि राम का घर, कृष्णा के घर से दक्षिण में है तथा गोबिन्दा का घर, कृष्णा के घर से पूर्व में है। गोबिन्दा के घर से राम का घर किस दिशा में है?
(a) North-East/उत्तर-पूर्व
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) South-East/दक्षिण-पूर्व
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

11. Radhika went 50 metres south from her house then turned left and went 20 metres then turning, to north she went 30 metres. In which direction is her home from this point?
राधिका अपने घर से दक्षिण में 50 मी. गई, और फिर बाएँ मुड़कर 20 मी. गई, पुनः वह उत्तर की ओर 30 मी. गई। अब उसका घर इस स्थान से किस दिशा में है?
(a) North/उत्तर
(b) South-West/उत्तर-पश्चिम
(c) East/पूर्व
(d) North-West/उत्तर-पश्चिम

12. 'X' is in the East of 'Y' which is in the North of 'Z' If 'P' is the East of 'Z' then in which direction of 'X', is 'P':
'X', 'Y' के पूर्व में है, जो कि 'Z' के उत्तर में है। यदि 'P', 'Z' के पूर्व में है, तो 'X' से 'P' किस दिशा में हैं?
(a) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(b) South-East/दक्षिण-पूर्व
(c) South/दक्षिण
(d) West/पश्चिम

13. A is located to the West of B. C is located at North in between A and B. D is exactly to the South of B and also in line with B. In which direction of C is D located?
A , B के पश्चिम दिशा में स्थित है। C, A तथा B के मध्य में उत्तर की ओर स्थित है। D, B के दक्षिण ओर स्थित है तथा B की रेखा पर है। C के सापेक्ष D किसी दिशा में है?
(a) South/दक्षिण
(b) South-East /दक्षिण-पूर्व
(c) West/पश्चिम
(d) South-West/दक्षिण-पश्चिम

14. Ram walks 10m South from his house, turns left and walks 25 m, again turns left and walks 40 m, then turns right and walks 5 m to reach the school. In which direction is the school from his house?
राम अपने घर से दक्षिण 10 मी. चलता है, बाएँ मुड़ता है और 25 मी. जाता है, पुनः बाएँ मुड़ता है तथा 40 मी. चलता है, फिर स्कूल पहुंचने के लिए दाएँ मुड़ता है और 5 मी. चलता है। उसके घर से स्कूल किस दिशा में है?
(a) North/उत्तर
(b) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-East/उत्तर-पूर्व
(d) East/पूर्व

15. Rani and Sarita started from a place X. Rani went West and Sarita went North, both travelling with the same speed. After sometimes, both turned their left and walked a few steps. If they again turned to their left, in which directions' the faces of Rani and Sarita are going respectively.
रानी और सरिता स्थान X से चलना आरंभ करती हैं और रानी पश्चिम तथा सरिता उत्तर में गई, दोनों समान गति से दूरी तय करती हैं। कुछ समय बाद, वे दोनों अपने बाएँ मुड़कर कुछ कदम चलती हैं। यदि वे पुनः अपने बाएँ मुड़ती हैं, तो रानी और सरिता किस दिशा में जा रही है?
(a) North and East/उत्तर और पूर्व
(b) North and West/उत्तर और पश्चिम
(c) West and North/पश्चिम और उत्तर
(d) East and South/पूर्व और दक्षिण

16. Rajat moves from his office to the canteen straight at a distance of 12 metres. Then he turned left and walked for 2 metres, Then he turns left again and walks straight for 12 metres. How far is he from his office?
रजत अपने कार्यालय से सीधा कैंटीन की ओर जाता है जिसकी दूरी 12 मी. है। फिर वह बाएँ मुड़कर 2 मी. जाता है, फिर पुनः बाएँ मुड़कर 12 मी. सीधा जाता है। वह अपने कार्यालय से कितनी दूरी पर है?
(a) 10 metres/मी. (b) 12 metres/मी.
(c) 8 metres/मी. (d) 2 metres/मी.

17. A man walks 6 kms South, turns left and walks 4 kms, again left and walks 5 kms. Which direction is he facing now ?
एक आदमी दक्षिण दिशा में 6 किमी. जाता है, बाएँ मुड़ता है और 4 किमी. जाता है, पुनः बाएँ मुड़ती है और 5 किमी. जाती है। अब वह किस दिशा में जा रही है?
(a) South/दक्षिण (b) North/उत्तर
(c) East/पूर्व (d) West/पश्चिम

18. A man drives his car 6 km towards West, then turns left and drives 3 km and again turns left and drives 3 km. Find out the final direction of the man from his original position.
एक आदमी अपनी कार चलाकर 6 किमी. पश्चिम में जाता है, फिर बाएँ मुड़कर 3 किमी. जाता है और पुनः बाएँ मुड़ता है और 3 किमी. जाता है। आदमी का वास्तविक स्थान से दिशा ज्ञात करें?
(a) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) North-East/उत्तर-पूर्व
(d) South-East/दक्षिण-पूर्व

19. A postman starts delivering letters 3 km southwards and then turns right. He covers 4 km on this road and again turns right. He delivers letters for 3 km and completes his daily beat. Then, he turns left for lunch at home, which is 5 km away. How far has he to travel to reach the post office after lunch?
एक डाकिया दक्षिण दिशा में डाक बांटते हुए 3 किमी. जाता हैं फिर दाएँ मुड़ता है। वह सड़क पर 4 किमी. की दूरी तय करता है और पुनः दाएँ मुड़ता है। वह 3 किमी. डाक बांटता है और इस प्रकार उसका कार्य समाप्त हो जाता है, फिर वह अपने घर पर लंच करने के लिए बाएँ मुड़ता है, जो 5 किमी. दूर है। अब उसे लंच करने के बाद डाक घर वापिस आने के लिए कितनी दूरी तय करनी होगी?
(a) 15 km/किमी. (b) 10 km/किमी.
(c) 9 km/किमी. (d) 8 km/किमी.

20. A cyclist rides 40 kms to the east, turns north and rides 20 kms, again turns left and rides 20 kms. How far is he from the starting point?
एक साइकिल वाला पूर्व की ओर 40 किमी. जाता है, फिर उत्तर मुड़कर 20 किमी. जाता है, पुनः बाएँ मुड़ता है और 20 किमी. जाता है। वह आरंभिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है?
(a) 0 km/किमी. (b) 10 kms/किमी.
(c) 2 kms/किमी. (d) 30 kms/किमी.

21. A man is facing South. He turns 135° in the anticlockwise direction and then 180° in the clockwise direction. Which direction is he facing now ?
एक आदमी का मुंह दक्षिण में है। वह 135° वामावर्त दिशा में मुड़ता है और फिर वह 180° दक्षिणावर्त दिशा में मुड़ता है। अब उसका मुंह किस दिशा में है?
(a) South-East/दक्षिण-पूर्व
(b) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-East/उत्तर-पूर्व
(d) North-West/उत्तर-पश्चिम

22. Laxmi went 10 km to the West from my house, then turned left and walked 20 kms. She then turned East and walked 25 kms and finally turning left covered 20 kms. How far was she from my house ?
लक्ष्मी मेरे घर से 10 किमी. पश्चिम दिशा में जाता है, फिर बाएँ मुड़ती है और 20 किमी. जाती है। फिर वह पूर्व में मुड़कर 25 मी. जाती है और अंत में बाएँ मुड़ती है और 20 किमी. की दूरी तय करता है। अब वह मेरे घर से कितनी दूरी पर थी?
(a) 5 kms/किमी. (b) 10 kms/किमी.
(c) 15 kms/किमी. (d) 40 kms/किमी.

23. Rajan started from his house and went 2 km east, then he turned right and went 3 km, again turned right and went 3 km, again he turned right and covered 1 km and finally after turning right and going 1 km he reached point 'K'. In which direction was Rajan walking when he reached?
राजन अपने घर से चलना आरंभ करता है और पूर्व में 2 किमी. गया, फिर वह दाएँ मुड़ा और 3 किमी. गया, पुनः दाएँ मुड़ा और 3 किमी. गया, फिर वह दाएँ मुड़ा और 1 किमी. की दूरी तय की और अंत में दाएँ मुड़ने के बाद 1 किमी. चलकर बिन्दु 'K' पर पहुंचता है। राजन किस दिशा में चल रहा था, जब वह वहाँ पहुंचा?
(a) West/पश्चिम (b) East/पूर्व
(c) South/दक्षिण (d) North/उत्तर

24. K is a place which is located 2 km away in the north-west direction from the capital P. R is another place that is located 2 km away in the south-west direction from K. M is another place and that is located 2 km away in the north-west direction from R. T is yet another place that is located 2 km away in the south-west direction from M. In which direction is T located in relation to P?
एक स्थान K जो राजधानी P से 2 किमी. उत्तर-पश्चिमी की ओर है। एक स्थान R, जो K से 2 किमी. दक्षिण-पश्चिम की ओर है। स्थान M, जो R से 2 किमी. उत्तर-पश्चिम की ओर है। स्थान T, जो स्थान M से 2 दक्षिण-पश्चिम की ओर है। तो बताइए P के सापेक्ष में T की दिशा बताओ?
(a) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(b) North-West/उत्तर-पश्चिम
(c) West/पश्चिम
(d) North/उत्तर

25. Daily in the morning the shadow of Gol Gumbaz falls on Bara Kaman and in the evening the shadow of Bara Kaman falls on Gol Gumbaz exactly. So in which direction is Gol Gumbaz to Bara Kaman ?

प्रतिदिन सुबह गोल गुम्बज की छाया, बारा कमान में तथा शाम को उसी प्रकार बारा कमान की छाया गोल गुम्बज पे गिरती है। इसलिए बारा कमान के सापेक्ष में गोल गुम्बज की दिशा क्या है?

(a) Eastern side/पूर्व दिशा
(b) Western side/पश्चिम दिशा
(c) Northern side/उत्तर दिशा
(d) Southern side/दक्षिण दिशा

26. One morning after sunrise, Gangadhar was walking facing a pole. The shadow of the pole fell exactly to his right, which direction was he facing ?

सुबह गंगाधर सूर्योदय के बाद एक खंभे की ओर चलता है। खंभे की परछाई ठीक उसके दाएँ पड़ती है, उसका मुंह किस दिशा में था?

(a) South/दक्षिण
(b) West/पश्चिम
(c) North/उत्तर
(d) East/पूरब

27. A person walks towards his house at 8 : 00 am and observed his shadow to his right. In which direction he is walking ?

एक आदमी अपने घर की ओर 8:00 am से चलता है और उसकी परछाई उसके दाएँ पड़ती है। वह किस दिशा में जा रहा है?

(a) North/उत्तर (b) South/दक्षिण
(c) East/पूरब (d) West/पश्चिम

28. Sumi ran a distance of 40 m towards the South. Then she turned to the right and ran for about 15m, turned right again and ran 50m. Turning to right then ran for 15m. Finally she turned to the left an angle of 45° and ran. In which direction was she running finally ?

सुमी दक्षिण दिशा की ओर 40 मी. दौड़ी, फिर वह दाएँ मुड़कर लगभग 15 मी. दौड़ी, पुनः दाएँ मुड़ी और 50 मी. दौड़ी। फिर दाएँ मुड़ी और 15 मी. दौड़ी। अंत में वह बाएँ 45° मुड़ी और दौड़ी। अंत में वह किस दिशा में दौड़ रही थी?

(a) South-East/दक्षिण-पूर्व
(b) South-West/दक्षिण-पश्चिम
(c) North-East/उत्तर-पूर्व
(d) North-West/उत्तर-पश्चिम

29. Keeping her back towards the rising sun, Reshma starts walking. After a few minutes she turns left and keeps on walking. Then a little later she turns right and then left. In which direction is she going at the moment?

सूर्योदय के समय सूर्य की ओर पीठ करके रेश्मा चलना प्रारंभ करती है, कुछ समय बाद, वह अपने बाईं ओर चलती है। कुछ समय पश्चात्, वह अपने दाईं फिर बाईं ओर मुड़ती है। अब वह किस दिशा की ओर जा रही है?

(a) South/दक्षिण (b) East/पूरब
(c) West/पश्चिम (d) North/उत्तर

30. Ram is facing North-West. He turns in clockwise direction by 90°, then 180° in the anti-clockwise direction and then another 90° in the same direction. Which directions is he facing now?

राम उत्तर-पश्चिम से घड़ी की दिशा में 90° ,फिर घड़ी की विपरीत दिशा में 180°, पुनः उसी दिशा में 90° मुड़ता है, अब वह किस दिशा में खड़ा है?

(a) South-west/दक्षिण-पश्चिम
(b) West/पश्चिम
(c) South/दक्षिण
(d) South-east/दक्षिण-पूर्व

# 8 Blood Relation | रक्त संबंध

Generally, in blood related questions, questions are asked only under seven generations. While solving the question, you should keep yourself in the middle of these seven generations, that is, three generations will be above you and three generations will be below you. The name of the relationship between individuals according to the generation is shown in the table below.

साधारणत: रक्त सम्बन्धी प्रश्नों में सात पीढ़ियों के अन्तर्गत ही प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रश्न हल करते समय स्वयं को इन सातों पीढ़ियों के ठीक बीच में रखना चाहिए अर्थात् तीन पीढ़ी आपके ऊपर एवं तीन पीढ़ी आपके नीचे होंगी। पीढ़ी के अनुसार व्यक्तियों के बीच के सम्बन्ध का नाम नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है—

| पीढ़ी (Generations) | पुरुष (Male) | महिला (Female) |
|---|---|---|
| तीन पीढ़ी ऊपर ↑↑↑ | (i) परदादा (Great grand father)<br>(ii) परनाना (Great maternal grand father)<br>(iii)परदादा/परनाना ससुर (Great grand father-in-law) | (i) परदादी (Great grand mother)<br>(ii) परनानी (Great maternal grand mother)<br>(iii) परदादी/परनानी सास (Great grand mother-in-law) |
| दो पीढ़ी ऊपर ↑↑ | (i)दादा (Grand father)<br>(ii)नाना (Maternal grand father)<br>(iii)दादा/नाना ससुर (Grand father-in law) | (i) दादी (Grand mother)<br>(ii) नानी (Maternal grand mother)<br>(iii) दादी/नानी सास (Grand mother-in-law) |
| एक पीढ़ी ऊपर ↑ | (i) पिता (Father)<br>(ii) चाचा, फूफा (Uncle)<br>(iii) मामा, मौसा (Maternal uncle)<br>(iv) ससुर (Father-in-law) | (i) माता (Mother)<br>(ii) चाचा, फुआ (बुआ) (Aunt)<br>(iii) मामी, मौसी (Maternal aunt)<br>(iv) सास (Mother-in-law) |
| स्वयं की पीढ़ी → | (i) पति (Husband)<br>(ii) भाई (Brother)<br>(iii) चचेरा, फूफेरा, ममेरा, मौसेरा भाई (Cousin)<br>(iv) बहनोई, साली का पति, साला, देवर, जेठ, ननदोई (Brother-in-law) | (i) पत्नी (Wife)<br>(ii) बहन (Sister)<br>(iii) चचेरी, फूफेरी, ममेरी, मौसेरी बहन (Cousin)<br>(iv)भाभी, साली, साले की पत्नी, ननद, जेठानी, देवरानी (Sister-in-law) |
| एक पीढ़ी नीचे ↓ | (i) पुत्र (Son)<br>(ii) भतीजा, भांजा (भगीना) (Nephew)<br>(iii) दामाद (Son-in-law) | (i) पुत्री (Daughter)<br>(ii) भतीजी, भांजी (भगीनी) (Niece)<br>(iii) पुत्रवधू (Daughter-in-law) |
| दो पीढ़ी नीचे ↓↓ | (i) पोता, नाती (Grand son)<br>(ii) पोती या नातिन का पति (Grand son-in-law) | (i) पोती, नातिन (Grand daughter)<br>(ii) पोता या नाती की पत्नी (Grand daughter-in-law) |
| तीन पीढ़ी नीचे ↓↓↓ | (i)परपोता, परनाती (Great grand son)<br>(ii)परपोती या परनातिन का पति (Great grand son-in-law) | (i) परपोती, परनातिन (Great grand daughter)<br>(ii) परपोता या परनाती की पत्नी (Great grand daughter-in-law) |

रक्त सम्बन्ध पर प्राय: दो प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं।

(i) भाषा आधारित प्रश्न
(ii) कोड आधारित प्रश्न

There are two types of questions based on blood relations:

(i) Questions based on language
(ii) Questions based on code

## EXERCISE

1. Pointing towards a man, a lady said "He is the only son of my mother's mother" then how is lady related to that man?
एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, एक महिला ने कहा ''वह मेरी माँ की माँ का इकलौता बेटा है'' तो उस महिला का उस आदमी से क्या संबंध है?
(a) Brother / भाई
(b) Maternal uncle / मामा
(c) Niece / भांजी
(d) Daughter / बेटी

2. Pointing towards a lady, Vijay said "she is the daughter of my Grandfather's only son" then how is Vijay related to that lady?
एक महिला की ओर इशारा करते हुए विजय ने कहा ''वह मेरे दादाजी के इकलौते बेटे की बेटी है'' तो विजय उस महिला से कैसे संबंधित है?
(a) Brother / भाई
(b) Sister / बहन
(c) Father / पिता
(d) Can't be determined / निर्धारित नहीं किया जा सकता

3. Pointing towards a lady a man said "Her mother is the only daughter of my mother in law" then how is man related to that lady?
एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक आदमी ने कहा ''उसकी माँ मेरी सास की इकलौती बेटी है'' तो आदमी उस महिला से कैसे संबंधित है?
(a) Husband / पति
(b) Father / पिता
(c) Brother / भाई
(d) Uncle / चाचा

4. Pointing towards a man a lady said "His wife is the only daughter of my father" then how is man related to that lady?
एक पुरुष की ओर इशारा करते हुए एक महिला ने कहा ''उसकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती बेटी है'' तो वह पुरूष उस महिला से कैसे संबंधित है?
(a) Husband / पति
(b) Brother in law / साला
(c) Brother / भाई
(d) Cousin / चचेरा भाई

5. A is the father of B, who is the sister of C. D is the mother of C, who is the husband of G and father of H then how is H related to B?
A, B का पिता है, जो C की बहन है। D, C की माँ है, जो G का पति है और H का पिता है, तो H, B से कैसे संबंधित है?
(a) Son / बेटा
(b) Brother / भाई
(c) Uncle / चाचा
(d) Can't be determined / निर्धारित नहीं किया जा सकता

6. D is the brother of K. M is the sister of K. T is the father of R ,who is the brother of M. F is the mother of K then atleast how many sons does T and F have?
D, K का भाई है। M, K की बहन है। T, R का पिता है, जो M का भाई है। F, K की माँ है, तो कम से कम T और F के कितने बेटे हैं?
(a) Three / तीन
(b) Two / दो
(c) Can't be determined / निर्धारित नहीं किया जा सकता
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Directions (7-8):** Read the passage and answer the following questions.

**निर्देश (7-8):** गद्यांश को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

P is the father of Q, who is the sister of R. S is the wife of R ,who is the son of T.V is the brother of W,who is the sister of P. Z is the husband of Y and father of T.

P, Q का पिता है, जो R की बहन है। S, R की पत्नी है, जो T का पुत्र है। V, W का भाई है, जो P की बहन है। Z, Y का पति है और T का पिता है।

7. How is V related to Q?
V, Q से कैसे संबंधित है?
(a) Uncle / चाचा
(b) Nephew / भतीजा
(c) Brother / भाई
(d) Cousin / चचेरा भाई

8. How is S related to P?
S, P से कैसे संबंधित है?
(a) Sister in law / भाभी
(b) Daughter / बेटी
(c) Mother in law / सास
(d) Daughter in law / बहु

9. A Family consist of a Grandfather, Grandmother, father, mother, daughter, daughter in law, grandson, granddaughter, brother, sister and two sons then how many members are there in the family?

एक परिवार में एक दादा, दादी, पिता, मां, बेटी, बहू, पोता, पोती, भाई, बहन और दो बेटे शामिल हैं, तो परिवार में कितने सदस्य हैं?

(a) 9
(b) 12
(c) 6
(d) 8

10. Seven person P,Q,R,S,T,U and V are members of a family consisting 4 adults and 3 children two of whom are girls. P and S are brothers. T is married to one of the brothers and they have 2 children. Q is married to S and V is their child then how is R related to P?

सात व्यक्ति P,Q,R,S,T,U और V एक परिवार के सदस्य हैं जिनमें 4 वयस्क और 3 बच्चे हैं जिनमें से दो लड़कियां हैं। P और S भाई हैं। T की शादी उनमे से एक भाई से हुई है और उनके 2 बच्चे हैं। Q, S से विवाहित है और V उनका बच्चा है तो R, P से कैसे संबंधित है

(a) Son / बेटा
(b) Daughter / बेटी
(c) Brother / भाई
(d) Can't be determined / निर्धारित नहीं किया जा सकता

11. If A is the mother of D, B is not the son of C, C is the father of D, D is the sister of B, then how is A related to B ?

यदि D की माँ A है, C का बेटा B नहीं है, D के पिता C है, D की बहन B है। A और B कैसे संबंधित है?

(a) Mother / माँ
(b) Brother / भाई
(c) Step-son / सौतेला बेटा
(d) Sister / बहन

12. M and F are a married couple. A and B are sisters. A is the sister of F. Who is B to M ?

M और F एक विवाहित जोड़ा है। A और B बहनें हैं। F की बहन A है। B का M से क्या संबंध है?

(a) Sister / बहन
(b) Sister-in-law / ननद
(c) Niece / भाँजी
(d) Daughter / बेटी

13. R and S are brothers, X is the sister of Y and X is the mother of R. What is Y to S ?

R और S भाई है, Y की बहन X है और R की माँ X है। Y का S से क्या संबंध है?

(a) Uncle / मामा
(b) Brother / भाई
(c) Father / पिता
(d) Mother / माँ

14. A and B are young ones of C. If C is the mother of B, but A is not the daughter of C, then what is the relationship between C and A ?

C के बच्चे A और B हैं। यदि B की माँ C है, पर C की बेटी A नहीं है, तो C और A कैसे संबंधित हैं?

(a) Nephew and Aunt / भतीजा और बुआ
(b) Brother and Sister / भाई और बहन
(c) Mother and Son / माँ और बेटा
(d) Niece and Aunt / भतीजी और बुआ

15. P and Q are brothers. R and S are sisters. P's son is S's brother. How is Q related to R ?

P और Q भाई हैं। R और S बहनें हैं। P का बेटा S का भाई है। Q और R कैसे संबंधित है?

(a) Uncle / चाचा
(b) Brother / भाई
(c) Father / पिता
(d) Grandfather / दादा

16. Q is the son of P. X is the daughter of Q. R is the aunt (Bua) of X and L is the son of R, then what is L to P ?

P का बेटा Q है। Q की बेटी X है। X की बुआ R है और R का बेटा L है। L और P कैसे संबंधित है?

(a) Grandson / पोता
(b) Granddaughter / पोती
(c) Daughter / बेटी
(d) Nephew / भतीजा

17. A and B are brother and sister respectively. C is A's father. D is C's sister and E is D's mother. How is B related to E ?

A और B क्रमशः भाई और बहन हैं। A के पिता C है। C की बहन D है और D की माँ E है। B और E कैसे संबंधित है?

(a) Granddaughter / पोती
(b) Great granddaughter / पड़पोती
(c) Aunt / बुआ
(d) Daughter / बेटी

18. Ajay says, "Ananda's mother is the only daughter of my mother". How is Ananda related to Ajay ?
अजय कहते हैं, ''आनंद की माँ मेरी माँ की इकलौती बेटी है।'' आनंद अजय से कैसे संबंधित है?
(a) Brother / भाई
(b) Father / पिता
(c) Nephew / भतीजा
(d) Grandmother / नानी

19. Raju and Chotu are twins. Chotu's sister is Reena. Reena's husband is Ranjan. Raju's mother is Lalita. Lalita's husband is Rakesh. How is Rakesh related to Ranjan ?
राजू और छोटू जुड़वां हैं। छोटू की बहन रीना है। रीना के पति रंजन हैं। राजू की माँ ललिता हैं। ललिता के पति राकेश हैं। राकेश का रंजन से क्या संबंध है?
(a) Father-in-law / ससुर
(b) Cousin / चचेरा भाई
(c) Uncle / चाचा
(d) Son-in-law / दामाद

20. Manoj told his friend Shyam, pointing to a photograph, "Her father is the only son of my mother." The photograph is of whom ?
मनोज ने अपने दोस्त श्याम को एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा, ''उसके पिता मेरी माँ के इकलौते बेटे हैं।'' तस्वीर किसकी है?
(a) Manoj's niece / मनोज की भतीजी
(b) Manoj's mother / मनोज की माँ
(c) Manoj's daughter / मनोज की बेटी
(d) Manoj's sister / मनोज की बहन

21. Looking at a photograph a person said, "I have no brother or sister but that man's father is my father's son." At whose photograph was the person looking at?
एक तस्वीर को देखकर एक व्यक्ति ने कहा, ''मेरा कोई भाई या बहन नहीं है लेकिन उस आदमी का पिता मेरे पिता का बेटा है।'' वह व्यक्ति किसकी तस्वीर देख रहा था?
(a) His son's / उसके बेटे की
(b) His nephew / उसके भतीजे की
(c) His father's / उसके पिता की
(d) His own / उसकी अपनी

22. Suraj's father has a son Rohit who has an aunt Laxmi who has a husband Rao whose father-in-law is Sohan. What is the relation of Sohan to Suraj ?
सूरज के पिता का एक बेटा रोहित है, जिसकी एक बुआ लक्ष्मी है, जिसका पति राव है, जिनके ससुर सोहन हैं। सोहन का सूरज से क्या रिश्ता है?
(a) Nephew / भाँजा
(b) Grandfather / दादा
(c) Son / बेटा
(d) Uncle / चाचा

23. Ramu's mother said to Ramu, "My mother has a son whose son is Ashok". How is Ashok related to Ramu ?
रामू की माँ ने रामू से कहा, ''मेरी माँ का एक बेटा है, जिसका बेटा अशोक है।'' अशोक रामू से कैसे संबंधित हैं?
(a) Uncle / चाचा
(b) Cousin / ममेरा भाई
(c) Brother / भाई
(d) Nephew / भाँजा

24. A is the son of B, while B and C are sisters to one another. E is the mother of C. If D is the son of E, which of the following statements is correct ?
B का बेटा A है और B और C बहनें हैं। C की माँ E है। यदि E का बेटा D है, तो निम्नलिखित कौन-सा कथन सही होगा?
(a) D is the maternal uncle of A / A का मामा D है
(b) D is the cousin of A / A का चचेरा भाई D है
(c) B and D are brothers / B और D भाई हैं
(d) None of these / इनमें से कोई नहीं

25. A is B's brother, C is A's mother, D is C's father, B is D's grand-daughter. How is B related to F who is A's son?
B का भाई A है, A की माँ C है, C के पिता D हैं और D की पोती B है। B का F से क्या संबंध है यदि A का बेटा F है?
(a) Aunt / बुआ
(b) Cousin / मौसेरा भाई
(c) Niece / भाँजी
(d) Grand-aunt / पिता की बुआ